भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2595
दिनांक 06 मार्च, 2020 को उत्तर के लिए

'वन-स्टॉप सेंटर्स' के अंतर्गत आवंटित निधि

2595. डॉ॰ (प्रो॰) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकीः

श्री चन्द्र प्रकाश चधरीः

क्या महिला और बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में गुजरात में कार्यरत 'वन-स्टॉप सेंटर्स' का ब्यौरा क्या है और इस योजना के अंतर्गत कवर नहीं किए गए जिलों का ब्यौरा क्या है;
(ख) उक्त योजना के अंतर्गत देश के कुछ जिलों को कवर नहीं करने के क्या कारण हैं;
(ग) विगत दो वर्षों के दौरान योजना के अंतर्गत आबंटित निधि का वर्ष-वार और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) योजना के अंतर्गत उपयोग नहीं की गई निधियों का ब्यौरा क्या है और इसके अंतर्गत आवंटित निधि का उपयोग नहीं करने के क्या कारण हैं और इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

श्रीमती स्मृति ज़ुबिन ईरानी महिला एवं बाल विकास मंत्री

(क) से (घ) : 724 जिलों में भारत सरकार द्वारा 728 ओएससी अनुमोदित किए गए हैं तथा देश में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा 680 ओएससी क्रियाशील बनाए गए हैं। गुजरात में भारत सरकार द्वारा 33 जिलों में 33 ओएससी अनुमोदित किए हैं जिन्हें राज्य द्वारा क्रियाशील बनाया गया है।

वर्ष 2015-16, 2016-17, 2017-18 और 2018-19 के दौरान ओएससी के अंतर्गत 229.61 करोड़ रुपये की कुल निधि जारी की गई है तथा निधियों का कुल उपयोग 61.34 करोड़ रुपये है और कुल अप्रयुक्त निधियां 168.27 करोड़ रुपये हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र तथा जिला प्राधिकारी ओएससी स्कीम का कार्यान्वयन करते हैं। भारत सरकार स्कीम के समुचित कार्यान्वयन के लिए विभिन्न स्तरों पर समय-समय पर वीडियो कांफ्रेंस तथा बैठकों के माध्यम से राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करती है।

पिछले 2 वर्षों के दौरान स्कीम के अंतर्गत जारी की गई निधियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का ब्यौरा अनुलग्नक । में दिया गया है।

*****

अनुलग्नक-**I**

'वन-स्टॉप सेंटर्स' के अंतर्गत आवंटित निधि विषय पर डॉ. (प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी और श्री चन्द्र प्रकाश चैधरी द्वारा दिनांक 06 मार्च, 2020 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2595 के उत्तर के भाग (क) से (घ) में संदर्भित विवरण

वर्ष 2017-18 और 2018-19 के दौरान वन स्टॉप सेंटर स्कीम के अंतर्गत जारी की गई निधियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार का ब्यौरा

(रुपये में)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	वर्ष	
		2017-18	**2018-19**
1	अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह	3120663	3687641
2	आंध्र प्रदेश	33013744	39063148
3	अरुणाचल प्रदेश	5319517	78202084
4	असम	0	78695087
5	बिहार	0	30832455
6	चंडीगढ़	0	930799
7	छत्तीसगढ़	16704440	66244372
8	दादर और नगर हवेली	4341482	50000
9	दमन और दीव	0	0
10	दिल्ली	0	0
11	गोवा	1084917	492000
12	गुजरात	12715269	56269778
13	हरियाणा	3830247	47960546
14	हिमाचल प्रदेश	1500450	10118850
15	जम्मू और कश्मीर	8752272	15020425
16	झारखंड	1847152	70436941
17	कर्नाटक	6273675	59444419
18	केरल	1180007	28331849
19	लक्षद्वीप	0	0
20	मध्य प्रदेश	13127264	112391390
21	महाराष्ट्र	43769662	38929425
22	मणिपुर	0	35722445
23	मेघालय	775391	18639947
24	मिजोरम	6140951	27264535
25	नागालैंड	8041940	45487024
26	ओडिशा	12032854	77459998
27	पुडुचेरी	1941450	4766836
28	पंजाब	33587668	52633488
29	राजस्थान	2895721	30860275
30	सिक्किम	3071148	3923225
31	तमिलनाडु	3882900	113995447
32	तेलंगाना	30172230	58948915
33	त्रिपुरा	0	26901349
34	उत्तर प्रदेश	26622936	222830497
35	उत्तराखंड	13886307	27225409
36	पश्चिम बंगाल	0	0
कुल		**299632257**	**1483760599**

*****